this question paper contains **3** printed pages]

JO—266—2023

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2023

(CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper-XV भाग-2

(हिन्दी गद्य साहित्य)

(Tuesday, 12-12-2023) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गये हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिये :

(अ) ''एक बार फिर जैसे उसके लिए जीवन के अर्थ बदल गये। गृहस्थी बसा लेने के बाद उसकी सौंदर्य भावना फिर जाग गई थी। प्रेम ने उसके घर में फूलों की सुषमा बिखेर दी। उसे पुस्तकों से प्रेम था, पशु-पक्षियों से प्रेम था। वह प्रेम अब सुव्यवस्थित और सघन हो उठा। हिरण्यमयी के कारण हिंदू के घर में तुलसी का पौधा भी आ गया।'' 10

अथवा

''एक समय मैं भी ऐसा ही सोचती थी, पर अब नहीं। यदि तू शादी को व्यक्तित्व बेचना ही समझती है तो इतना मैं भी अवश्य कहूँगी कि जिस कीमत पर हम व्यक्तित्व बेचते हैं वह इतनी अवश्य होती है कि सौदा घाटे का नहीं रहता। फिर बच्चे! अब सोचती हूँ, शायद बच्चों के बिना जीवन अधूरा ही रहता है।''

P.T.O.

9CCFA320C64A6FCBB7506E6C4BE50A0F

(ब) ''बचपन में दादी-नानी जाते पर यह गीत-गाती, मेरे घर से बाहर जाने पर विदेश में रहने पर वे यही गीत विह्वल होकर गाती और लौटने पर कहती-मेरे लाल को कैसा वनवास मिला था ? जब मुझे दादी-नानी की इस आकुलता पर हँसी भी आती, गीत का स्वर बड़ा मीठा लगता, हाँ, तब उसका दर्द नहीं छूता।'' 10

अथवा

''जा, जा, चली जा! किसने रोक रखा है तुझे यहाँ पर! तू तो सनाथ है क्यों माफी माँगने आई है एक अनाथ लड़के से।''

2. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध के प्रतिपाद्य को सोदाहरण समझाइये। 20

अथवा

'मैं हार गई' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिये।

3. टिप्पणियाँ लिखिये :

(अ) शरतचंद्र की सौंदयदृष्टि और पशु-प्रेम का वर्णन कीजिये। 10

अथवा

'बंद दराजों का साथ' कहानी की नायिका मंजिरी का चरित्र-चित्रण कीजिये।

(ब) 'मुकुट मेखला और नूपुर' का प्रतिकार्थ क्या है ? 10

अथवा

मोक्षदा का चरित्र-चित्रण कीजिये।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के **15-20** पंक्तियों में उत्तर लिखिये : 5

(*i*) जैनेंद्र कुमार के साहित्यिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिये।

(*ii*) मुक्तिबोध के मार्क्सवादी दृष्टिकोण का वर्णन कीजिये।

(*iii*) प्रभाकर माचवे का जीवन परिचय दीजिये।

(*iv*) रविंद्र त्यागी का साहित्यिक योगदान बताइये।

9CCFA320C64A6FCBB7506E6C4BE50A0F

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिये : 5

(*i*) राहुल सांकृत्यायन का बचपन का नाम क्या था ?

(*ii*) मुक्तिबोध का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) रविन्द्रनाथ त्यागी का निधन कब हुआ ?

(*iv*) प्रभाकर माचवे को कौनसा पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(*v*) 'पाजेब' कहानी के रचनाकार कौन हैं ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 5

(*i*) 'रूस में पच्चीस मास' .... की रचना है।

(*ii*) 'काठ का सपना' .... की रचना है।

(*iii*) 'भाद्रपद की सांझ' .... की रचना है।

(*iv*) 'जड़ की बात' .... की रचना है।

(*v*) प्रभाकर माचवे को 1889 में .... पुरस्कार मिला।

9CCFA320C64A6FCBB7506E6C4BE50A0F